# उदय प्रताप कालेज, वाराणसी

(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांकः 19.08.2025

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आप सभी एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हैं। आपको अपना भविष्य बेहतर बनाने की दिशा में निरन्तर सकारात्मक रूप से क्रियाशील रहना होगा। आप सभी महाविद्यालय के अनुशासन व्यवस्था को बनाये रखें एवं छात्र परिचय के नाम पर रैगिंग आदि की प्रक्रिया से अपने को सर्वथा पृथक रखें। यदि आप किसी भी प्रकार की अराजकता और अनुशासनहीनता में संलिप्त पाये जाते हैं तो आपके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

आप अवगत हो कि छात्रों के वेश में कुछ बाहरी युवक आपको तरह–तरह का प्रलोभन देने एवं भ्रमित करने का दुश्चक्र करते रहते हैं जिससे कि आप गलत कार्य में संलिप्त हों और वे आपकी मदद करने के नाम पर आपका दोहन कर सके। आपको सचेत किया जाता है कि आप महाविद्यालय में केवल पठन–पाठन हेतु उपस्थित हों और अपने साथ परिचय–पत्र अनिवार्य रूप से रखें रहे जिससे कि कभी भी औचक निरीक्षण के दौरान आपकी जॉच निगरानी की जा सके।

प्राचार्य